संक्षिप्त विज्ञापन

राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर।

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(19)RSMSSB/अर्थना/पटवार/2015 / 324 **दिनांक : 04.11.2015**

बोर्ड द्वारा निम्नलिखित पद हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैः–

राजस्थान भू–राजस्व (भू–अभिलेख) नियम, 1957 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014				
पद व विभाग	**पद संख्या**	**आयु (दिनांक 01.01.2016 को)**	**वेतनमान**	**परीक्षा शुल्क**
पद – पटवारी **विभाग – राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर**	**4400** **(गैर अनुसूचित क्षेत्र – 3979)** **(अनुसूचित क्षेत्र – 421)**	न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष	**रनिंग पे बेण्ड 5200–20200 (पी.बी.–1)** **ग्रेड– पे रू 2400/–**	(क)सामान्य वर्ग – **रू. 650/–** (ख)ओबीसी/एसबीसी – **रू. 450/–** (ग) एससी/एसटी –**रू 350/–**
शैक्षणिक योग्यताः– (i) 10+2/सीनियर सैकण्डरी स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण या इसके समकक्ष अन्य परीक्षा उत्तीर्ण जिसे राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्रदान की गई है, और (ii) देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान एवं (iii) सामान्य कम्प्यूटर ज्ञान (Basic Computer Knowledge)				

आवेदन करने की अवधिः–ऑनलाइन आवेदन पत्र **दिनांक 10.11.2015 से 10.12.2015** रात्रि 12 बजे तक ई–मित्र कियोस्क एवं जन सुविधा केन्द्र या ई–मित्र केन्द्र से परीक्षा शुल्क जमा करवाकर बोर्ड की वेबसाइट पर स्वंय के स्तर से भी भरे जा सकेंगे। परीक्षा शुल्क **10.11.2015 से 09.12.2015** को रात्रि 12 बजे (ई–मित्र एवं जन सुविधा केन्द्र पर रात्रि 8 बजे) तक ही जमा हो सकेगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन पत्र में यदि भूलवश कोई सूचना सही नही भरी गई है, तो आवेदक आवेदन की अंतिम दिनांक के 15 दिवस तक रू. 300/– ई–मित्र कियोस्क पर जमा करवाकर नया टोकन नम्बर प्राप्त कर आवेदन में संशोधन कर सकते है।

प्रारम्भिक परीक्षा का माह व स्थानः– पटवार सीधी भर्ती परीक्षा – 2015 की परीक्षा दो चरणों (प्रारम्भिक एवं मुख्य) में आयोजित की जायेगी। प्रथम चरण में प्रारम्भिक परीक्षा संभवतया माह **फरवरी, 2016** में बोर्ड द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी जिसकी तिथि एवं समय की सूचना बोर्ड की वेबसाइट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जाएगी। प्रारम्भिक परीक्षा में योग्य पाये गये अभ्यर्थियों की मुख्य परीक्षा आयोजित की जायेगी।

अन्य बिन्दु व सूचनाः– ऑनलाईन आवेदन की प्रकिया, परीक्षा शुल्क, आरक्षित पदों का वर्गीकरण, अनुसूचित क्षेत्र के लिये विशेष निर्देश, आयु में छूट के प्रावधान, पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता, परीक्षा का पाठ्यक्रम एवं परीक्षा की स्कीम इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। विस्तृत विज्ञापन राजस्थान रोजगार संदेश के आगामी अंक में प्रकाशित होगा। इस परीक्षा के संबंध में समय समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त बेवसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जावे।

(सांवर मल वर्मा)
सचिव